आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

जगत नेगी

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि सिरमौर जिला के बागथन स्थित फल संतती व प्रदर्शन उद्यान केंद्र को फिर से विकसित करने के लिए यहां मित्र कीट बायो लैब स्थापित की जाएगी। जगत सिंह नेगी आज इस उद्यान केंद्र का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान उद्यान केंद्र का जायजा लिया और विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस उद्यान केंद्र में उन्नत किस्मों के आड़ू, नाशपाती, प्लम, नेक्टराइन, अमरूद और किवी की हाई डेंसिटी प्लांटेशन की जाएगी। जगत सिंह नेगी ने शिमला के रझाणा स्थित लैब को बागथन में स्थानांतरित करने की भी घोषणा की। उन्होंने इस केंद्र में जलवायु अनुकूल पौधे रोपित करने के भी आदेश दिए।

संजय रत्न

विधायक संजय रत्न ने कहा है कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। संजय रत्न आज ज्वालामुखी में लोक निर्माण मंडल कार्यालय के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। ये कार्यालय जवालीमुखी विधानसभा क्षेत्र की 51 पंचायतों को कवर करेगा। उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में पी.एम.जी.एस.वाई के तहत पांच सड़कें स्वीकृत हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 37 ग्रामीण संपर्क सड़कों को लोक निर्माण विभाग के तहत लाया गया है ताकि इन सड़कों का उचित रखरखाव सुनिश्चित हो सके। संजय रत्न ने कहा कि ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे।

डी.सी.शिमला

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल मशोबरा ने आज अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया। इस मौके पर शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। उपायुक्त ने इस अवसर पर दसवीं और जमा दो की वार्षिक परीक्षा में स्टेट मेरिट में आने वाले स्कूल के प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी आय से 50 हजार रूपए का नकद इनाम देने की घोषणा की। उन्होंने दसवीं और बारहीं के परीक्षा परीणाम में 95 फीसदी से अधिक अंक लेने वाले हर विद्यार्थी को दस हजार रूपए का नकद इनाम अपनी आय से देने का भी एलान किया। उपायुक्त ने अपनी व्यक्तिगत आय से ही स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में ड्रेस खरीदने के लिए 50 हजार

रूपए नकद भी दिए। अनुपम कश्यन ने विद्यार्थियों से संबोधित करते हुए कहा कि स्कूलों से देश का भविष्य बनाता है और हम सभी को अपने–अपने स्तर पर स्कूलों के लिए सहयोग देने का प्रयास करना चाहिए।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह 116वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

कर्ण नंदा

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा है कि कांग्रेस राज में प्रदेश में चारों ओर महंगाई को बोलबाल है। नंदा ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि जहां हर ओर महंगाई बढ़ रही है वहीं सरकार अपने चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए टी.सी.पी. एक्ट में लगातार संशोधन कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मकान और व्यावसायिक भवन बनाने के लिए नक्शा पास करने की दरों में चार से पांच गुणा तक बढ़ौतरी की है इस संबंध में टीसीपी ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। नंदा ने सरकार से इस वृद्धि को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

पद यात्रा

नेहरू युवा केंद्र संविधान दिवस के मौके पर 26 नवम्बर को शिमला में पद यात्रा का आयोजन करेगा। नेहरू युवा केंद्र की निदेशक ईरा प्रभात ने कहा कि इस मौके पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम शिमला में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपने संविधान के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि ये पद यात्रा चौड़ा मैदान में अंबेदकर चौक से मालरोड़ स्थित खेल परिसर तक आयोजित की जाएगी। पद यात्रा में नेहरू युवा केंद्र से जुड़े युवा, माई भारत के स्वयं सेवक, युवा सेवा व खेल विभाग के स्वयं सेवक, खिलाड़ी, कॉलेज और स्कूलों के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू होंगे।

........................................................................................................